>

Title: Regarding the construction of Railway Lines from Hajipur Sugouli and Khagadia-Kuseshwar and the stoppage of express trains iat Hazipurr Railway Station.

श्री पशुपति कुमार पारस (हाजीपुर): माननीय अध्यक्ष महोदय, आज आपने मुझे सदन में बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूँ ।

मैं बिहार के हाजीपुर से आता हूँ । हाजीपुर सुगौली रेलवे लाइन वर्ष 1996-97 में माननीय तत्कालीन रेल मंत्री श्री राम विलास पासवान जी के समय में स्वीकृत हुई थी और उसका शिलान्यास भी हुआ था । 22 वर्ष बीत जाने के बाद वह कार्य आज तक अधूरा पड़ा हुआ है । दूसरी तरफ खगड़िया से कुशेश्वर स्थान वाया शहरबन्नी रेलवे लाइन की मंजूरी भी आदरणीय रेल मंत्री श्री राम विलास पासवान द्वारा की गई थी । आज तक वहां जमीन का अधिग्रहण भी नहीं हुआ है, जबकि वह क्षेत्र आदरणीय पासवान जी का गाँव है, घर है, मेरा भी घर है । मैं माननीय रेल मंत्री जी से आपके माध्यम से आग्रह करता हूँ कि ये दोनों जो परियोजनाएँ हैं- हाजीपुर-सुगौली और खगड़िया-कुशेश्वर स्थान जो रेलवे लाइन हैं, उनको यथाशीघ्र स्वीकृति दी जाए । उस पर यथाशीघ्र काम शुरू किया जाए ।

दूसरा हाजीपुर में डीएम कार्यालय है । काफी भीड़ रहती है । काफी पदाधिकारी-कर्मचारी आते-जाते रहते हैं और वहाँ बहुत सी एक्सप्रेस ट्रेन हैं, जिनका ठहराव नहीं है । इसलिए मैं आपके माध्यम से आदरणीय रेल मंत्री से आग्रह करूँगा कि हाजीपुर में जो भी एक्सप्रेस ट्रेन जाती हैं, उसका ठहराव हो । धन्यवाद ।